भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2915 का उत्तर

नई रेलगाड़ियां

2915. श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः

श्री नारणभाई काछड़ियाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यात्रियों की बढ़ती संख्या के बोझ से निपटने के लिए मंत्रालय की नई रेलगाड़ियों को शुरू करने की योजना है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है और इनके किस समय और किस तिथि तक जोन-वार शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

mm

नई रेलगाड़ियों के संबंध में दिनांक 10.07.2019 को लोक सभा में श्री परबतभाई सवाभाई पटेल एवं श्री नारणभाई काछड़िया के अतारांकित प्रश्न सं. 2915 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा नई गाड़ियां चलाई जाती हैं और मौजूदा गाड़ी सेवाओं का विस्तार किया जाता है और उनके फेरे बढ़ाए जाते हैं जो निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। तदनुसार, गत पांच वर्ष के दौरान, निम्नलिखित कार्य किए गए:

(1) नई गाड़ियां - 978 गाड़ियां (इकहरी)

(2) विस्तार - 604 गाड़ियां (इकहरी)

(3) फेरों में वृद्धि - 108 गाड़ियां (इकहरी)

यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय रेल द्वारा मौजूदा गाड़ियों में सवारी डिब्बों की संख्या बढ़ाकर गाड़ी सेवाओं की वहन क्षमता बढ़ाई जाती है। गत पांच वर्ष के दौरान 227430 सीटों/बर्थ के अतिरिक्त स्थान का सृजन करने के लिए स्थायी आधार पर 3241 सवारी डिब्बों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, व्यस्त सीजन, त्यौहारों, ग्रीष्म/शीतकालीन छुट्टियों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की सम्हलाई के लिए भारतीय रेल द्वारा स्पेशल गाड़ी सेवाएं भी चलाई जाती हैं और तदनुसार, गत पांच वर्ष के दौरान स्पेशल गाड़ियों द्वारा 176938 फेरे लगाए गए।

*****

mm